तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 दिसंबर 2024



10 घर, स्कूल और छात्रावास से सुरक्षित कोई जगह नहीं...





11 आकार संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने जीता सभी का मन






## खबर संक्षेप

### 10 पंचायत सचिवों को सीईओ जिपं ने जारी किया नोटिस


**बीजापुर।** सोमवार को जिला पंचायत के सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला सीईओ ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक सोकपीट निर्माण कार्य में देरी करने वाले 10 ग्राम पंचायत के सचिवों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। संबंधित निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायत कार्य एजेंसी है। ग्राम पंचायत केतुलनार, कोण्ड्रोजी, सण्ड्रापल्ली, बारेगुड़ा,दम्पाया, गुलापेंटा ,मिनकापल्ली, कोत्तापल्ली, पेगड़ापल्ली, तमलापल्ली में राशि जारी होने के उपरांत भी हितग्राही मूलक कार्यों को समय सीमा में पूर्ण नहीं किया गया है। जिला सीईओ ने नोटिस में 3 दिवस के भीतर तथ्यात्मक कारण सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने निर्देश दिए हैं।

### ग्रामीणों ने भैंसगांव में पेड़ कटाई पर लगाई रोक



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बस्तर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसगांव के 60-70 ग्रामीण पुरूष, महिलाएं बुधवार को सीसीएफ कार्यालय पहुंचे। वहां ग्रामीणों ने सीसीएफ आरसी दुग्गा से मिलकर ज्ञापन दिया, जिसमें उन्होंने मांगी कि पेड़ कटाई के लिए फर्जी प्रस्ताव एवं सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर की कार्रवाई की जाए। ग्राम पंचायत भैंसगांव में वन विभाग द्वारा 29 नवंबर से लगभग 300 से अधिक पेड़ काटे गए हैं, जिसकी ग्रामवासी को कोई जानकारी नहीं हैं। भैंसगांव पंचायत में बिना ग्राम सभा किए फर्जी प्रस्ताव बनाकर एवं फर्जी हस्ताक्षर कर वन विभाग को प्रस्ताव दिया गया था। जिसमें ग्रामवासियों ने रविवार को वन अधिकार समिति और ग्रामवासी जाकर पेड़ कटाई को रोक लगाई। साथ ही 300 से अधिक पेड़ कटाई की भरपाई करवाने, फर्जी प्रस्ताव एवं फर्जी हस्ताक्षर पर कार्यवाही की मांग की। सीसीएफ ने कहा कि इसकी जांच की जाएगी।

### समर्पण वृद्धा आश्रम में मना अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस



**कोण्डागांव।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर समर्पण वृद्धा आश्रम कोण्डागांव में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के प्रधान जिला एवं न्यायाधीश, अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अगुवाई प्राधिकरण शेष पेज 10 पर


# सुबह सात बजे भूकंप के झटके, घबराए लोग घरों से बाहर निकले

## भोपालपटनम से सटे तेलंगाना के मुनुगु में भूकम्प की तीव्रता 5.3 आंकी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बुधवार की सुबह लगभग साढ़े 7 बजे छत्तीसगढ़ के भोपालपटनम से सटे तेलंगाना के मुनुगु कस्बा में भूकम्प का केंद्र रहा। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपी चन्द्रा के मुताबिक भूकम्प की तीव्रता रियेक्टर पैमाने पर 5.3 आंका गया। विज्ञानी चन्द्रा के मुताबिक भूकम्प जमीन के 40 किमी नीचे केंद्र बना रहा। हालांकि भूकंप से छत्तीसगढ़ के पश्चिम छोर पर सटे भोपालपटनम में कही कोई जन अथवा धनहानि की सूचना नहीं है,जो बड़ी राहत वाली खबर है। मौसम विज्ञानी के मुताबिक भूकम्प का केंद्र जगदलपुर से 199 किमी दूर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में रहा। आज सुबह साढ़े 7 बजे सम्भाग मुख्यालय जगदलपुर के धरमपुरा क्षेत्र समेत ग्राम पल्ली,कुम्हरावन्द, धर्माउर और टेकामेटा के ग्रामीण भी भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए।

कुम्हरावंड, पल्ली, धर्माउर, टेकामेटा धरमपुरा क्षेत्र में लोगों ने महसूस किया कंपन



### वार्निंग वॉक में निकले ने किया महसूस

दलपत सागर वार्ड के पार्षद नरसिंग राव ने बताया जो लोग सुबह जल्द उठ मॉर्निंग वॉक में निकले थे, उन्हें भूकम्प का झटका महसूस हुआ, जो बिस्तर में थे उन्हें महसूस नहीं हुआ। उन्होंने बताया चित्रकोट की ओर जाने वाले मार्ग पर सुबह 7:30 के करीब भूकंप के झटके महसूस किए गए। डरे-सहमे लोग अपने घरों से बाहर निकाल कर आ गए। बस्तर संभाग में आमतौर पर इस तरीके की घटनाएं नहीं होती हैं।

केंद्र सरकार की टीम ने ओपीडी, आईपीडी, लैब, प्रसव कक्ष, एनएचपी, सामान्य की समीक्षा की

# सर्वाधिक नक्सल प्रभावित चिंतागुफा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना राष्ट्रीय गुणवत्ता का मानक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के विकासखंड कोंटा का घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र, जिसके अंदरूनी गांव आज भी दहशत का पर्याय है। भारत सरकार की टीम ने 15-16 नवंबर को चिंतागुफा पहुंचकर 6 विभाग ओपीडी, आईपीडी, लैब, प्रसव कक्ष, एनएचपी, सामान्य की समीक्षा की। पूरी चिंतागुफा टीम की लगन मेहनत और संगठन के कारण कार्यक्रम सुगमता से संपन्न हुआ। टीम की मेहनत रंग लाई और 28 नवंबर को चिंतागुफा ने इतिहास बनाते हुए 89.69 फीसदी के साथ सुकमा जिले में प्रथम स्थान पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेट प्राप्त किया। कुछ सालों पहले तक एक कमरे में संचालित अस्पताल आज पूरे जिले के लिए उदाहरण बना हुआ था। चिंतागुफा में संस्थागत प्रसव मासिक औसत 20, ओपीडी औसत प्रतिमाह 1000 से ज्यादा एवं भर्ती मरीज औसत 100 से ज्यादा हैं। चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 5 उप स्वास्थ्य केंद्र हैं, जिसमें 45 घोर नक्सल प्रभावित गांव आते हैं। वर्ष 2009 में जब आरएमए मुकेश बख्शी की पदस्थापना हुई तब यहां स्वास्थ्य सेवा अस्तित्व में आया, उस समय यह क्षेत्र भवन, नेटवर्क, सड़क नहीं था। स्टाफ में सिर्फ एक आरएमए और एक वार्ड ब्वाय के साथ स्कूल के एक कमरे में संचालित हुआ। जिस कमरे में इलाज होता था उसी कमरे में ही प्रभारी सोते थे, उसी दौरान 11 अप्रैल 2011 में स्कूल के बीमार बच्चों को बेहतर इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल एंबुलेंस से ले जाते समय नक्सली हमला हुआ था। जिसमें एंबुश लगाकर नक्सलियों ने एंबुलेंस में गोलीबारी किया था, जिसमें बच्चों के साथ चिंतागुफा संस्था प्रभारी आरएमए मुकेश बख्शी थे। एंबुलेंस में 8 गोलियां लगी पर किसी को गोली नहीं लगी। वर्ष 2010-2019 तक चिंतागुफा के एक कमरे में ही आरएमए एक स्टाफ नर्स एक वार्ड आया के साथ अस्पताल चलता रहा और मरीजों को हर सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश करते रहे। वर्ष 2020 में चिंतागुफा अस्पताल भवन और पांच आवासीय भवन का निर्माण हुआ। वर्ष 2023 में कायाकल्प में जिले में सबसे ऊपर रहने के बाद राज्य एवं जिले के अधिकारियों के सहयोग, खंड चिकित्सा अधिकारी कोंटा एवं डब्ल्यूएचओ के मार्गदर्शन में एनक्वॉस के लिए तैयारियां शुरू हुई। राज्य एवं संभाग में प्रशिक्षण पश्चात स्टाफ को प्रशिक्षण देना और सबको बार बार प्रोत्साहित करना शुरू में मुश्किल लगा पर जब सबने प्रण कर लिया और एक टीम के रूप में कार्य करना शुरू किया तो दिक्कत कुछ कम लगने लगी। चिंतागुफा ऐसा क्षेत्र है जहां साप्ताहिक हाट शेष पेज 10 पर

■ वर्ष 2009 में स्कूल के एक कमरे में संचालित था, अब यह केन्द्र को मिला एनक्वॉस

अलग खबर

### बारिश में टापू में तब्दील हो जाता है चिंतागुफा



बारिश में चिंतागुफा क्षेत्र आवागमन के लिए आसान नहीं रहता और कभी भी टापू में तब्दील हो जाता है। अब विकास खंड के अधिकारी डब्ल्यूएचओ एवं चिंतागुफा टीम में डॉ. अनिल पटेल, महेंद्र काको, सीमा किस्पोट्टा, रीना कुमारी, पार्वती कुहरम, अनिता सोढ़ी, नरेश मंडावी, आशीष मंडल, निशारानी, उमेश मांझी, गीता नाग, सुनीता कट्टम, प्रेम कश्यप, कविता बघेल, नितिन, ध्रुव, अजय नाग सहित खंड चिकित्सा अधिकारी कोंटा डॉ. दीपेश चंद्राकर का सहयोग से एनक्वॉस रहा। हर काम में गुणवत्ता एवं मानक रखने, अस्पताल का परिचय कराना सिखाया।

## एनएसयूआई ने कुलपति की मनमानी व फीसवृद्धि की शिकायत संभागायुक्त से की



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा मनमाने ढंग से प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क में 30 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि कर दी है। जिसके विरोध में प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन के नेतृत्व में बस्तर जिला एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने संभाग आयुक्त डोमन सिंह को मांगपत्र सौंपकर बस्तर के गरीब आदिवासी छात्र छात्राओं को न्याय दिलाने एवं परीक्षा शुल्क में वृद्धि वापस करवाने के लिए निवेदन किया। श्री बिसेन एवं छात्र नेताओं ने बताया कि जबसे कुलपति मनोज श्रीवास्तव आगरा से बस्तर आए हैं, उन्होंने विश्वविद्यालय को राजनीति का अखाड़ा बना दिया है। कुलपति का चैंबर आरआरएस और एबीवीपी के नेताओं का अड्डा बना हुआ है। कुलपति असंवैधानिक ढंग के एबीवीपी के नेताओं को शासकीय कार्यक्रमों में भाषण तक दिलवाते हैं। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावास उद्घाटन में विद्यार्थी परिषद के एक नेता से भाषण दिलवाया था। साथ ही एबीवीपी नेताओं और कुलपति में अंदरूनी सांठ गांठ है। एक तरफ कुलपति उनके खिलाफ एफआईआर की बात करते है और दूसरी तरफ उन्हें अपने चैंबर में बिठा कर उन्हें मैनेज करने का काम करते है। इस दौरान वरिष्ठ छात्र नेता अरुण गुप्ता,विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट, प्रदेश शेष पेज 10 पर

■ छात्र संगठन का दल कमिश्नर से मिलकर सौंपा मांगपत्र

### राज्यपाल भवन तक पदयात्रा

एनएसयूआई बस्तर संभाग के सभी जिलों में राज्यपाल के नाम कलेक्टर को मांगपत्र सौंपेगी। उसके बाद भी अगर शुल्क वृद्धि कम नहीं होती है, तो संभाग के सभी कॉलेजों को बंद करवाएगी और जरूरत पड़ने पर बस्तर से राजभवन तक पदयात्रा कर राज्यपाल से प्रत्यक्ष रूप से कुलपति के तुगलकी रवैया की शिकायत करेगी।

ट्रायवल यूथ एक्सचेन्ज प्रोग्राम के तहत मुबंई रवाना

## नक्सलगढ़ के 30 युवा मुम्बई में प्रमुख हस्तियों से करेंगे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सुकमा जिले के नक्सल प्रभवित दर्जनभर गांव के 30 युवक व युवतियों को 16 वीं ट्राईवल यूथ एक्सचेन्ज प्रोग्राम के तहत मुम्बई रवाना किया गया। मुंबई पहुंचकर प्रमुख हस्तियों से मुलाकात कर वहां हुए विकास को देखेगें और वापस आने पर बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों के युवाओं से जानकारी साझा करेगें। सीआरपीएप सेकंट बटालियन के कमाण्डेंट रतिकांत बेहरा ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि सीआरपीएफ हेडक्वार्टर के निर्देश पर 16 वीं ट्राईवल यूथ एक्सचेन्ज प्रोग्राम के तहत प्रदेश के सुकमा जिला के आदिवासी युवाओं व युवतियों को बटालियन के शेष पेज 10 पर

### बस को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अंदरूनी क्षेत्र के गांवों के युवाओं को सेंकड बटालियन सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर भ्रमण के लिए बस से रवाना किया गया। इस दौरान बटालियन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नितेश नानाजी परचके, उप कमाण्डेंट भास्कर भट्टाचार्य व अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित थे। टूआईसी अनामी शरण ने युवाओं को सबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को बाहरी संस्कृति एवं विकसित कार्यों से रूबरू करना है। जिससे यहां के युवा भ्रमण के दौरान अपने विचारों को दूसरों के साथ आदान-प्रदान कर सकें और वहॉ की संस्कृति व विकास की जानकारी हासिल कर सकें। मुंबई में होने वाले विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भाषण प्रतियोगिता में सभी युवा व युवती बढ़-चढ़ कर भाग लें और अपने क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन करें। भ्रमण से लौटने के बाद एक नई सोच के साथ अपने गांव में इसकी चर्चा करें। जिससे यहॉ के अधिक से अधिक भटके हुए युवा देश की मुख्यधारा से जुड़ सके।

### माड़ में नक्सलियों से मुठभेड़ डीआरजी का प्रधान आरक्षक शहीद

**जगदलपुर।** जिले के अबूझमाड़ के जंगलों में बुधवार दोपहर नक्सलियों व सुरक्षाबल के बीच घंटों चली मुठभेड़ में डीआरजी का हेड कांस्टेबल शहीद हो गया। अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ यह हुई है। डीआरजी के हेड कांस्टेबल के शहीद होने की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने की है।



जानकारी के मुताबिक माड़ के जंगलों में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। दोपहर एक बजे से पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग होतो रही। दोनों ओर से घंटों चली गोलीबारी में एक जवान के शहीद होने की खबर है। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि हमारे जवान लगातार नक्सलियों की फायरिंग का बहादुरी से जवाब दे रहे हैं। यह मुठभेड़ नारायणपुर व कोंडागांव जिले की सीमा स्थित अबूझमाड़ के जंगलों में कई घंटे तक चली। ऑपरेशन में शामिल कोंडागांव व नारायणपुर जिले की डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम शामिल है।

## कोठीगुड़ा और डुरकागुड़ा के बीच जंगल में मिली विक्षिप्त की सड़ी गली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा





जिला मुख्यालय के कोठीगुड़ा और डुरकागुड़ा के बीच जंगल में बुधवार की सुबह अज्ञात पुरुष की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जंगल में लकड़ी संग्रहण करने वाले लोगों ने शव को क्षत विक्षत हालत में देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची सुकमा कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके मुआयना कर मृतक के सामानों की जांच की। जिसमें उसकी पहचान फूलबगड़ी थाना क्षेत्र के कोननगुड़ा निवासी जोगा मुचाकी उम्र 55 साल के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी शिवानंद तिवारी ने बताया कि मृतक के कपड़े और अन्य सामानों से पहचान हुई शेष पेज 10 पर

■ मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना कर चंद घंटों में की मृतक की पहचान

### दूसरे दिन भी नहीं हुई अज्ञात युवती की पहचान

कृषि विज्ञान केन्द्र में मिली युवती की लाश का मामला अभी सुलझा ही नहीं था कि बुधवार को एक और अज्ञात पुरुष की डेड बॉडी बरामद हो गई। हालांकि कोतवाली पुलिस ने चंद घंटों में ही मृतक की पहचान कर ली। वहीं अज्ञात युवती की लाश की पहचान दूसरे दिन भी नहीं हो सकी है। युवती के शव को जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज पीएम के लिए भेज दिया गया है, वही पुलिस लगातार आसपास के क्षेत्रों में युवती के परिजनों के बारे में पतासाजी करने में जुटी हुई है।

सर्वर डाउन और बारदाने की कमी से जूझ रहे किसान

# तौलने की मशीन निम्नस्तर की, प्रति पैकेट में एक किलो ज्यादा धान ले रहे : दीपक बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने किसानों को बड़े-बड़े वायदे किये थे। खासकर धान खरीदी में जो वायदे किये,चुनाव में जीत हासिल कर सत्ता में आते ही भाजपा सरकार अपने ही किये वायदे से मुकर गई। किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान लेने का वादा किया था, जबकि कहीं 10 तो कहीं 15 क्विंटल लिया जा रहा है। प्रति क्विंटवल धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये देने का वादा किया था, किसानों को प्रति क्विंटल 2300 रुपए दिया जा रहा। वहीं अधिकांश उपार्जन केंद्रो में आवंटित धान तौलने की मशीन घटिया एवं निम्न स्तर का है इसलिए किसानों को लगभग एक किलो धान अतिरिक्त देना पड़ रहा है। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने बुधवार को राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आयी भाजपा की साय सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। प्रदेश में बारदाना के लिए अफरा-तफरी मची थी, अभी भी कुछ जगहों पर समस्या है। किसानों को 10 दिन के लिए टोकन दिया जा रहा है, जिसके कारण किसान परेशान हैं। अनावरी रिपोर्ट के आधार पर खरीदी की जा रही थी, लेकिन कांग्रेस के दबाव में सरकार को झुकना पड़ा।उन्होंने कहा कि इस खरीफ सीजन में इलेक्ट्रानिक मशीन में किसानों से ज्यादा धान लिया जा रहा है इस तरह तौल मशीन में गड़बड़ी हो रही है। पहले किलो बांट से खरीदी की जा रही थी, तब गड़बड़ी नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव नहीं होने के कारण धान जाम होने खरीदी प्रभवित हो रही है। भाजपा सरकार ने 3100 में प्रति एकड़ 21 प्रति क्विंटल धान खरीदी करने का वादा किया था, लेकिन कहीं पर भी 3100 रूपए में खरीदी करने बेनर पोस्टर नहीं लगाया गया है जबकि सरकार को 3217 रूपए प्रतिक्विंटल के भाव से खरीदी करना चाहिए। वहीं धान बेचने के बाद भी किसानों को भुगतान होने में सप्ताह भर शेष पेज 10 पर

■ छत्तीसगढ़ सरकार गुजरात, दिल्ली और बिहार से चल रही

### स्टील प्लांट बस्तरियों का रहेगा या बिकेगा

पीसीसी अध्यक्ष बैज ने कहा कि देश के गृहमंत्री बस्तर प्रवास पर आ रहे हैं, उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि नगरनार स्टील प्लांट बिकेगा या रहेगा, क्योंकि पिछले दिनों जिंदल और आर्सेलल मित्तल के अधिकारियों ने स्टील प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को यह नहीं मालूम की भाजपा की सरकार दिल्ली और नागपुर से चल रही है या बिहार से।

### धड़ल्ले से हो रही वनमंत्री के क्षेत्र में अवैध कटाई

श्री बैज ने कहा कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में स्कूलों में बच्चे टायलेट में पढ़ने और सोने मजबूर हैं। भाजपा के शासनकाल में शिक्षा व्यवस्था ठप हो रही है। उन्होंने कहा कि वनमंत्री के क्षेत्र में जंगल कट रहा है इसके लिए उनके पास समय नहीं है, लेकिन साबरमती फिल्म देखने के लिए समय मिल रहा है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप



## ग्राम मुलमुला बना हर घर जल प्रमाणित गांव

**कोण्डागांव।** जिले के ग्राम मुलमुला को जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया। यहाँ की कुल जन संख्या 3782 है और जल उत्सव के तहत जल आपूर्ति के लिए कुल 743 एफएचटीसी कनेक्शन का कार्य सम्पन्न हो चुका है। इस ग्राम के लोग पूर्व में पीने के पानी के लिए मुख्य रूप से कुआं, तालाब, हैंडपम्प आदि जैसी सुविधाओं पर निर्भर थे। लेकिन अब हर घर जल योजना के माध्यम से पूरे ग्रामवासी आत्मनिर्भर हो चुके हैं। जल जीवन मिशन योजना लागू होने के बाद जागरूकता कार्यक्रम और ग्राम सभा में जल संबंधी चर्चा व व्यापक प्रचार प्रसार में शामिल होने के बाद यहाँ के लोग स्वच्छ पेयजल व अच्छे स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हुए हैं। विभाग द्वारा ग्राम में एफओके के माध्यम से प्रशिक्षित महिलाओं का एक समूह जल बहिनी बनाया गया है। जिसमें ग्राम में जल जाँच के लिए अश्वनी, भारती, दुर्गेश्वरी, सुमति, द्रोपती का चयन किया गया है। इस योजना का उद्देश्य हर घर जल के साथ साथ ग्राम में पानी से फैलने वाली बीमारिया जैसे टाइफॉइड, कॉलेरा, हेपेटाइटिस आदि से बचाना भी है। सरपंच मया राम मारकाम ने बताया कि हमारे मुलमुला ग्राम में हर घर में एफएचटीसी के माध्यम से शुद्ध पेयजल दे कर सरकार ने ग्रामीणों में एक नया उत्साह जगाया है। यह कार्यक्रम ग्रामवासियों में सुरक्षित जीवन के लिए शुद्ध पानी की आस दी है।

## अनाचार का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



**कोण्डागांव।** जिले में शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी रफीलाल यादव 22 वर्ष ने पीड़िता को प्रेम और शादी का वादा कर बार–बार उससे अनाचार किया। कोंडागांव थाने में पीड़िता ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी रफीलाल यादव, निवासी कुम्हारपारा ने उसे झूठे प्रेम और शादी के वादे में फंसाया और बार–बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 373/2024 के तहत धारा 376(3), 376(2)(ढ), 506 भा.द.वि. और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 में मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल और एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी और साइबर सेल प्रभारी सतीश भार्गव की टीम ने आरोपी की खोज शुरू की। आरोपी बार–बार अपनी लोकेशन बदल रहा था। लेकिन पुलिस ने साइबर सेल की मदद से उसे ट्रैक कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने अपराध को स्वीकार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस सफलता में थाना कोंडागांव के निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल, और साइबर सेल टीम का विशेष योगदान रहा।

# पुलिस हिरासत से फरार गांजा तस्कर ओडिशा के जंगलों से पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

दो महीने पहले पुलिस हिरासत से फरार हुए गांजा तस्कर सूरज भतरा को केशकाल पुलिस और साइबर सेल की टीम ने एक बड़ी सफलता में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को चकमा देकर फरार होने के बाद ओडिशा के घने जंगलों में शरण ली थी। थाना केशकाल के अपराध क्रमांक 118/24, धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी सूरज भतरा 28 वर्ष, निवासी चारडा जेईएलसी चर्च, थाना काकारीगुमा, जिला कोरापुट उड़ीसा, को 26 अक्टूबर 2024 को गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसे जेल दाखिल के लिए जगदलपुर ले जाया जा रहा था। रास्ते में आरोपी ने मौका पाकर पुलिस को चकमा दिया और फरार हो गया। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि आरोपी अपने ओडिशा स्थित निवास स्थान से 60 किलोमीटर दूर जंगलों में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.डी. पटेल के मार्गदर्शन और केशकाल थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल के नेतृत्व में पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने जंगल में सटीक दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सूरज भतरा ने स्वीकार किया कि जेल जाने के डर से उसने फरार होने की योजना बनाई थी। आरोपी को आज, 4 दिसंबर 2024, न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### दो माह बाद किया जा सका गिरफ्तार

केशकाल पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई से बड़ी सफलता



### इनका रहा विशेष योगदान

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल, सहायक उप निरीक्षक हेमंत देवांगन, सहायक निहाल रंजन मंडल, उप निरीक्षक दिनेश डहरिया, प्रधान आरक्षक अजय बघेल, आरक्षक संतोष कोडोपी, मनोहर निषाद, मनोज पोयाम और अनिल सौर्य ने विशेष भूमिका निभाई।

उमा विद्यालय के बच्चों व कन्या परिसर की छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

# घर, स्कूल और छात्रावास से सुरक्षित कोई जगह नहीं, कहीं भी जाने से पहले बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति श्रीमती अंजली पाण्डेय ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पीपरा के छात्र-छात्राओं से कहा कि आपके लिए घर, छात्रावास और स्कूल से सुरक्षित व अच्छी कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान के कहने पर कहीं भी ना जाएं। कहीं भी जाएं घरवालों, परिचित या जिस पर आपका विश्वास है, उसे जरूर बताएं। प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उत्तरा कुमार कश्यप के निर्देश पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति श्रीमती पाण्डेय ने बच्चों को कानून, कॅरियर और दुनियादारी से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि जितना सुरक्षित आप घर, छात्रावास ,स्कूल में रहते हैं उतना सुरक्षित आप बाहर कि दुनिया में नहीं रहते हैं । क्योंकि वहां आपको माता-पिता, शिक्षक का संरक्षण नहीं मिलेगा। कई बार क्या होता है कि माता-पिता या शिक्षक पनिशमेंट देते हैं या डांटे हैं तो नाराज होकर बाहर चले जाते हैं या गलत कदम उठाते हैं। यह नहीं करना है। बाहर कहीं नहीं जाना है।बाहर की दुनिया अभी उतनी अच्छी नहीं है जितना आप सोचते हैं। आज बाहर की दुनिया में लड़कियों को बेच देते हैं, गलत कार्य कराया जाता है। आजकल के लोग पैसों के लिए मनुष्यों के अंग बेच देते हैं। या तो हाथ पैर काटकर भीख मांगने के लिए बैठा दिया जाता है। उन बच्चों की परिस्थितियां काफी खराब होती है।

- न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजली ने छात्र- छात्राओं को किया जागरूक

### अनजान व्यक्ति कहीं जाने को कहें तो घर में बताएं

श्रीमति अंजली पाण्डेय ने कहा कि अगर आपके साथ गलत होता है या कोई अनजान व्यक्ति आपको कहीं जाने की बात करें तो सबसे पहले आप अपने शिक्षक, माता-पिता को बताइए। आपकी बात को समझ सके ऐसा व्यक्ति को बताएं। कई बार प्यार के नाम पर हम घर परिवार को मम्मी पापा को छोड़कर हम उसके भरोसे चल देते हैं। शादी के नाम पर तो ले जाता है लेकिन ले जाने के बाद आपको सिर्फ शारीरिक शोषण करेगा। मारेगा पीटेगा तो उस स्थिति में आप कुछ नहीं कर पाएंगे। इसीलिए किसी भी व्यक्ति पर भरोसा ना करें पहले आप अपना पढ़ाई करें फिर कुछ बन जाए। खेल , संगीत के माध्यम से भी आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं । स्कूल की हर गतिविधि में भाग लेना चाहिए। मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय ने कहा कि सबसे पहले आपको अभी पढ़ाई करना है और कुछ भी गलत काम नहीं करना है। शिविर में महेश बघेल अधिवक्ता व्यवहार न्यायालय केशकाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से लोगों को नियमों का सही पालन करने का बताया जाता है। कार्यक्रम में अधिकार मित्र अनिल कुमार मंडावी प्रबंध कार्यालय केशकाल, रंजन बैध थाना ईरागांव, लैला मरकाम थाना विश्रामपुरी, चमेली यादव थाना धनोरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लैंगिक अपराधों से बचाने बनाया बच्चों का संरक्षण अधिनियम

श्रीमती पांडेय ने बताया कि बच्चों को बचाने बच्चों का संरक्षण अधिनियम कानून बनाया गया है। यह 18 साल से कम उम्र के लड़के और लड़की दोनों पर लागू होता है। इस कानून के तहत, दोषी पाए जाने पर न्यूनतम 10 वर्ष की सजा व अधिकतम मृत्यु दंड की सजा का प्रावधान है। तथा बाल पीड़ितों की पहचान गोपनीय रखने का प्रावधान है । बाल दुर्व्यवहार के मामलों में रिपोर्टिंग करना जरूरी है। कानून में, यौन शोषण की रिकॉर्डिंग करना जरूरी है। इस कानून में, अभिभावक के बयान की भी रिकॉर्डिंग करना जरूरी होती है ।

# व्यापारी संघ माकड़ी जनहित कार्यों को लेकर बना मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

माकड़ी जैसे छोटी जगह में जहां सीमित संसाधन के बावजूद व्यापारी संघ के द्वारा कोविड काल में मास्क बंटवाना, सभी संदिग्ध जगहों पर सेनिटाइजर का छिड़काव करवाना, समिती के सदस्य स्व पंकज वैद, महेंद्र प्रधान के भांजा, स्व. सुकदेव नाग सहित कई दुर्घटना ग्रस्त सदस्यों के लिए समिति द्वारा आर्थिक सहायता लिए भी सहयोग के लिए राशि जमा किया गया था।इससे पहले भी माकड़ी में स्वच्छता अभियान में समिति द्वारा तन मन धन से सहयोग प्रदान किया और शारदेय नवरात्रि में भी दशहरा के दिन खिचड़ी प्रसाद खिलाने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया था। व्यापारी संघ हमेशा से जनहित में कई कार्य करते आ रहे हैं, और उनका कहना कि हम सभी ने ये संकल्प लिया है कि कभी भी किसी को सहयोग की आवश्यकता होती है तो हम हमेशा तैयार रहेंगे अपने से जो भी सहयोग बनेगा हम करते रहेंगे। प्रशासन की ओर से भी किसी भी योजना को धरातल पर अमल करने में व्यापारी संघ माकड़ी हमेशा सहयोग प्रदान करता रहा है। पूर्व में भी कई आपात स्थिति में अस्पताल में जाकर बल्ड डोनेशन भी किया गया था। वर्तमान में संघ के कोई भी सदस्य को किसी प्रकार की सहायता हमेश प्रदान करता रहा है। इसी कडी में वाहन दुर्घटना में घायल उमेश मण्डल को समिति के सदस्यों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई जो कि वर्तमान में रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

### इनका रहा सहयोग

इस कार्य को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विनोद साहू सचिव लालजी साहू, उपाध्यक्ष वरुण विश्वास, दीपेंद्र नाग, ललित पोयम उत्तम साहू लोकेश सोनी नितिन सोनी रूपेंद्र नाग रोशन सेन मनोज साहू रामकुमार नाग मुन्ना यादव यशवंत पटेल रामेश्वर सोरी मुक्ति सिन्हा दौलाल पटेल यशवन्त पटेलकमल नाग नौशाद खान बाबा हार्डवेयर हरिपद बागान महेश मिठू साहू चंद्रहास से रोशन सेन और व्यापारी संघ के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

# मानव श्रृंखला बनाकर मनाया नौसेना दिवस, पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने 4 दिसंबर को डीएनके मैदान में नौसेना दिवस मनाया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा और जिलाध्यक्ष सूरज यादव के मार्गदर्शन में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 250 युवक–युवतियों ने मानव श्रृंखला बनाकर नौसेना दिवस अमर रहे के नारे लगाए। सुब्रत साहा ने युवाओं को भारतीय नेवी की अहम भूमिका बताते हुए 1971 के ऑपरेशन ट्राइडेंट का जिक्र किया। जब भारतीय नौसेना ने कराची में पाकिस्तानी नेवी को नेस्तनाबूद कर दिया था। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने नौसैनिकों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी तट रक्षा और मानवीय योगदान की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व सैनिक उत्पल बोस को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारी और कई पूर्व व सेवारत सैनिक उपस्थित रहे।

# रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम छोटे सलना में स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर आधारित सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन समारोह द्वितीय दिवस पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई के मार्गदर्शन और प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल की अध्यक्षता में हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच हरिचंद नेताम और जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिचंद नेताम ने स्वयंसेवकों को ग्रामीण विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता और नशा मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपको ग्रामीणों को जागरूक करना है और अपने कार्योर् को शासन–प्रशासन तक पहुंचाने के लिए माय भारत पोर्टल पर सक्रियता से अपलोड करना है।

कार्यक्रम में उपसरपंच लक्ष्मण मरकाम, ग्राम पटेल दयाल मरकाम, धनीराम, धनिया मरकाम, अमरूराम मरकाम और अर्जुन नेताम सहा प्राध्यापक ने भी अपने विचार साझा किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला सलाहकार हनी चोपड़ा और शिक्षक रवि सूर्यवंशी ने स्वयंसेवकों को शिविर के उद्देश्यों और सामाजिक योगदान के महत्व से अवगत कराया। समारोह के बाद अतिथियों ने स्वयंसेवकों को बारी–बारी से मार्गदर्शन दिया। शिविर के दौरान ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान और नशा मुक्ति जैसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

- गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं छोटे सलना में ग्रामीणों को करेंगे जागरूक

### ये रहे उपस्थित

समापन में महादलनायक मनेश यादव ने समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, प्राथमिक शाला के शिक्षक और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह शिविर ग्रामीण जागरूकता और स्वच्छता के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट प्रयास है।

# स्टाफ नर्स की कार लेकर फरार हो गया परिचित

**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे आरापुर में रहने वाली स्टॉफ नर्स से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ परपा थाना में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी युवक पीड़िता का पूर्व परिचित था जिसने कार को एनएमडीसी में किराए में लगाने और लाभ दिलाने का झांसा देकर कार लेकर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक परपा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे आरापुर में रहने वाली युवती ने अपने नाम से पहचान के युवक को लगभग सालभर पूर्व चारपहिया वाहन दिलाया। आरोपी युवक ने उस वाहन को एनएमडीसी में लगाने और पैसा दिलाने का झांसा दिया और कार लेकर फरार हो गया। धोखाधड़ी का पता लगने के बाद पीड़िता ने इसकी रिपोर्ट परपा थाना में दर्ज कराया है। पीड़िता यशवंती कश्यप पिता सदन राम कश्यप 32 वर्ष ने बताया कि वह वर्तमान मे स्टाफ नर्स के पद पर सुकमा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दगढ मे पदस्थ है। घटना दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को पहचान के ग्रेसन पाणी उर्फ जॉन ने मारूती कम्पनी का गाड़ी लेने की बात कहते हुए उसे कार खरीदने में पैसा मिलने की बात कही। स्टाफ नर्स ग्रेसन के बातों में आकर विश्वास करते हुए उसने 20 अक्टूबर 2023 को मारूति शो रूम जगदलपुर गीदम रोड से स्विप्ट कार फायनेंस अपने नाम पर करते हुए शोरूम से कार क्रय किया। जिसके बाद आरोपी ग्रेसन पाणी कार को लेकर फरार हो गया। परपा थाना प्रभारी भोलासिंग राजपूत ने बताया कि मामले में आरोपी ग्रेसन पाणी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- धोखाधड़ी का मामला दर्ज, आरोपी की पुलिस कर रही तलाश

# सेवा, सुशासन से छत्तीसगढ़ में बढ़ी समृद्धि और रोजगार के अवसर भी : केदार

**नारायणपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप आज नारायणपुर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। जनादेश दिवस के अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री केदार कश्यप ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारे विष्णुदेव साय सरकार को एक वर्ष पूर्ण हो गए। उन्होंने कहा कि देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी। आज डबल इंजन की सरकार होने से प्रदेश उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। वनमंत्री केदार ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। भाजपा ने अपने वादों के अनुरूप किसानों को दो वर्ष के धन बोनस की राशि प्रदान किया। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की 3100 रुपए प्रति क्विंटल के दर से किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को राशि प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 5500 रुपए मिल रहा है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित करने की दिशा में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पीएससी और व्यापम के माध्यम से परीक्षा में विष्णुदेव साय सरकार ने पूर्णतः पारदर्शिता के साथ का भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। बस्तर में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले पीड़ति परिवारों और आत्म समर्पण कर चुके नक्सलियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में डबल इंजन सरकार की सराहनीय पहल है।

- जनकल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा है प्रदेशवासियों को लाभ

## पेज 9 के शेष

### सर्वाधिक नक्सल ....

बाजार एवं एक किराना दुकान के अलावा कुछ भी नहीं है। हर सामग्री के लिए सबसे नजदीक 35 किमी दोरनापाल एवं सुकमा 80 किमी जाना पड़ता है। पर कहावत है ना कि कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती । गांव के सरपंच एवं अन्य लोगों से तालमेल, उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन, खंड चिकित्सा अधिकारी कोंटा का विशेष सहयोग एवं डब्ल्यूएचओ का मार्गदर्शन रहा। आयुष्मान के राशि से अस्पताल का रख रखाव संभव हो पाया। माह जुलाई में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एनक्वॉस आईए प्रशिक्षण में आरएमए मुकेश बख्शी ने प्रशिक्षण लिया एवं परीक्षा पास किया और राष्ट्रीय बन गया।

49 केन्द्र बने एनक्वॉस : स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग ने बताया कि संभाग के सातों जिलों में 49 स्वास्थ्य केन्द्र (एनक्वॉस) राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक मिला और 86 केन्द्रों को एनक्वॉस बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जिले के सीएमएचओ को निर्देश दिया गया है।

### एनएसयूआई ने ....

सचिव माज लीला,जिला महामंत्री नरेंद्र राज साहू व अभय सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष कर्तव्य आचार्य, आदर्श महाविद्यालय अध्यक्ष हंसू नाग एवं छात्र नेता अनंत परिहार उपस्थित रहे।

### कोटीगुड़ा और ...

है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। 22 नवंबर से लापता था। पोस्टमार्टम के बाद ही मौके के कारणों का पता चल पाएगा। उन्होंने बताया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और 22 नवंबर से घर में किसी को बिना बताए ही कहीं चला गया था।

### तौलने की मशीन ...

लग रहा है। किसानों के हित के लिए कांग्रेस योजना बनाकर चरणबध लड़ाई लड़ेगी। प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक रेखचन्द जैन, जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मोर्य, निगम सभापति कविता साहू, नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय, राजीव शर्मा, दिनेश यदु, रुकमणी कर्मा, कोमल सेना, रोजबीन दास शामिल थे।

### नक्सलगढ़ के ...

सौजन्य व नेहरू युवा केन्द्र के प्रयास से विकसित राज्य में भेजकर वहॉं के संस्कृति तथा विकास से रूबरू कराने सुनहरा मौका दिया गया है। इससे नक्सलगढ़ के युवाओं को देश के प्रगतिशील क्षेत्र के गतिविधियों व विकास को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। नक्सल प्रभावित गावों के युवक व युवतियां को जागरूक करने के उद्देश्य से 4 से 10 दिसम्बर तक मुबंई का भ्रमण करेगें। इन युवाओं में 19 युवक व 21 युवतियां शामिल है जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र छिन्दगढ़, कुकानार, फुलबगड़ी, पोलमपल्ली, चिन्तागुफा, दोरनापाल, कुन्दनपाल, बोदागुड़ा, सामसेट्टी, कोर्रा, इरार्बोर, आसीरगुड़ा इन्जीराम व गादीरस के रहने वाले है। कमाण्डेंट बेहरा ने बताया कि युवाओं को मुंबई भेजने का उद्देश्य यह है कि अंदरूनी क्षेत्रों के युवा मुंबई शहर के विकास को करीब से देख सकें और वापस आने पर अपने क्षेत्र के लोगों को इससे संबंधित सभी प्रकार की जानकारी को साझा कर सकें। भ्रमण के बाद अपने क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकें। युवाओं के मार्गदर्शन व मदद के लिए सीआरपीएफ के पुरूष एवं महिला कार्मिकों को भी साथ में मुंबई भेजा गया है।

### समर्पण वृद्धा ...

की सचिव सुश्री गायत्री साय ने की। उनके साथ सुरेंद्र कुमार भट्ट, प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव, और अधिवक्ता श्रीमती प्रभा मिश्रा ने भाग लिया। शिविर के दौरान उपस्थित सभी वृद्धजनों को दिव्यांगजनों के प्रति समाज में सकारात्मक व्यवहार लाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में आश्रम के सभी कमरों का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद वृद्धजनों को कंबल और फल वितरित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास किया गया। इस अवसर पर समर्पण वृद्धा आश्रम की अधीक्षिका सुश्री रेणुका नागवंशी, विवेक कश्यप और समर्पण वृद्धा आश्रम के समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

शीघ्र और सस्ता न्याय सुलभ कराने की पहल

# नेशनल लोक अदालत का 14 दिसंबर को आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उत्तरा कुमार कश्यप के आदेशानुसार श्रीमती अंजली पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को नेशनल लोक अदालत के आयोजन संबंध में बैठक में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि नेशनल लोक अदालत लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ कराने का एक सशक्त माध्यम तथा विवादों को आपसी समझौते के द्वारा सुलझाने के लिये एक वैकल्पिक मंच है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित या विवादपूर्ण प्रकरणों का आपसी समझाइश एवं सुलह के आधार पर सौहाद्रपूर्ण वातावरण में निराकरण कराया जाता है। लोक अदालत में सिविल, दांडिक, चेक बाउंस, पारिवारिक, श्रम, मोटर दुर्घटनादावा, बैंक, बीमा, विद्युत, दूरभाष, डाकतार में लंबित मामलों का निपटारा किया जाता है। लोक अदालत का अधिनिर्णय सिविल न्यायालय के डिक्री या किसी अन्य न्यायालय का आदेश के समान प्रभावशाली होता है। लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों में न्यायालय शुल्क की छूट प्रदान की जाती है तथा पूर्व में लगाये गये न्यायालय शुल्क को भी वापस किया जाता है। लोक अदालत में पारित अवार्ड, आदेश की प्रतिलिपि पक्षकारों को निःशुल्क प्रदान की जाती है। राज्य के समस्त न्यायालयों में 14 दिसंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकरण के निराकरण के लिए आवेदन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सहायता समिति तथा निकटवर्ती जिले के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में तथा तालुका विधिक सेवा समिति में तथा इस कार्यालय के अध्यक्ष व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागाँव एवं तालुका स्तर में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल, नारायणपुर के समक्ष भी आवेदन दिये जा सकते हैं। श्रीमती मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता व्यवहार न्यायालय केशकाल द्वारा क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि में रोकथाम के लिए विधिक जागरूकता एवं साक्षरता के अधिक प्रचार प्रसार के लिए अपील की गई। बैठक में अधिकार मित्र अनिल कुमार मंडावी प्रबंध कार्यालय केशकाल, श्री रंजन बैध थाना ईरागांव, कु लैला मरकाम थाना विश्रामपुरी, कु चमेली यादव थाना–धनोरा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों में आई खुशहाली

सुकमा। नियद नेल्लानार योजना के द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में माओवाद प्रभावित पंचायतों तक बुनियादी सुविधाएँ और जन कल्याणकारी परियोजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना के तहत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में सुरक्षा शिविरों के दायरे में स्थित गांवों में बुनियादी सुविधाएँ प्रदान किए जा रहे है। इसी क्रम में नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत चिन्हांकित संवेदनशील ग्राम केरलापेंदा तोकनपल्ली, लाखापाल में 29 नवंबर को कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप के अंतर्गत प्रशासन के सार्थक प्रयासों से गांव में ही ग्रामीणों को जाति, निवास और आमदनी प्रमाण पत्र बनाकर त्वरित प्रदान किया गया। उन्हें अपने गांव में ही विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है जिससे ग्रामीण उत्साहित हैं। कैम्प में विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

दिव्यांगता दिवस पर सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिता

# आकार संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने जीता सभी का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और उनके सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न दिव्यांगता के बावजूद बच्चों द्वारा जिस प्रकार की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की गई है, वास्तव में यह सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों द्वारा मटका फोड़ प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा की और



इसे दिल को छू लेने वाला अनुभव बताया। उन्होने कहा, संगीत, तबला और ढोलक को इन बच्चों ने जिस खूबसूरती से बजाया है, वह अद्वितीय है। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा हमें यह देखकर खुशी हुई कि ये बच्चें सांकेतिक भाषा के माध्यम से संवाद और काम कर रहे है। वास्तव में यह प्रशंसनीय है। इन बच्चों ने दिखा दिया कि प्रतिभा और आत्मविश्वास के प्रस्तुति में विपरीत शारीरिक परिस्थितियां बाधक नही हैं। समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों और कार्यक्रमों जैसे मटका फोड़, 50 मीटर बालक एवं बालिका दौड़, मिश्रित मोती, जलेबी दौड़, ट्रॉयसाईकिल रेस, चित्रकला, रंगोली एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बौद्धिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन के द्वारा फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी, जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा उमाशंकर तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक, समावेशी शिक्षा रजनीश सिंह, जिला सुकमा के तीनो विकासखण्ड से बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर समावेशी शिक्षा आकार आवासीय संस्था के समस्त विशेष शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं थैरेपिस्ट की मुख्य भूमिका रही।

### दिव्यांग बच्चों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुचाकी हिड़मा, कक्षा-छठवीं, अनुज नाग कक्षा-छठवीं को व्हीलचेयर, कृष्ण कुमार कक्षा-दूसरी को एमआरकीट रोहित नाग कक्षा-पांचवीं, पोड़ियाम हिड़मा कक्षा-आठवीं को श्रवण यंत्र, कुमारी सोड़ी बीड़े कक्षा - ग्यारहवीं को ब्रेल कीट, रघुनाथ नाग, कक्षा-बारहवीं को एंडरॉयड मोबाईल इस प्रकार 47 दिव्यांग छात्र/छात्राओं को जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, एवं जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी के शुभ हाथों से सहायक उपकरण वितरित किया गया। इस अवसर पर द्वीलिप पेद्दी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष, उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्तर पर अपनी परियोजना का प्रस्तुतीकरण देंगे डिकेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर द्वारा आयोजित 31वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 में सुकमा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गादीरास के डिकेश नायक का चयन किया गया है। उन्होंने परियोजना प्रस्तुतीकरण में चौथा स्थान प्राप्त किया। डिकेस ने टोरा तेल आदिवासियों के लिए एक वरदान विषय पर अपनी परियोजना का प्रस्तुतिकरण दिया। डिकेश नायक राष्ट्रीय स्तर पर अपनी परियोजना का प्रस्तुतीकरण 3 जनवरी से 6 जनवरी 2025 तक भोपाल में देंगे। उन्होंने नेशनल लेवल पर चयनित होकर सुकमा जिले का नाम रोशन किया है।

डिकेश नायक को मार्गदर्शक शिक्षिका भाग्यश्री नाग, व्याख्याता शास, उमावि गादीरास एवं जिला समन्वयक जगदीश्वर राव, व्याख्याता पीएम शासकीय बालक उमावि सुकमा को कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 3 जनवरी से 6 जनवरी 2025 तक भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित होगी। राष्ट्रीय स्तर पर परियोजना प्रस्तुतिकरण हेतु चयनित प्रतिभागी एवं समस्त टीम को कलेक्टर देवेश ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी एवं एपीसी आशीष राम ने सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## भाजपा संगठन चुनाव कार्यशाला का चुनाव अधिकारी ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

भाजपा जिला कार्यालय में संगठन चुनाव हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें जिला संगठन चुनाव अधिकारी दिनेश कश्यप ने कार्यशाला में आगामी संगठन चुनाव के संबंध में चर्चा कर विस्तृत जानकारी दी एवं तैयारियों समीक्षा की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुख़र्जी, अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा की तय समय पर संगठन द्वारा मंडल अध्यक्षों व जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ समिति का गठन एवं अन्य कार्यक्रमों के तैयारी को पूर्ण करें। भाजपा जिलाध्यक्ष सुकमा धनीराम बारसे ने भी संगठन चुनाव हेतु रूपरेखा तैयार कर संगठन को और सशक्त कैसे बनाया जाए इस पर चर्चा किया।

साथ ही कार्यकर्ताओं से आगामी नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया। धनीराम बारसे ने आगामी नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय चुनाव हेतु कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर अभी से बूथ स्तर तक पहुंच कर जुट जाने हेतु अपील किया। कार्यक्रम में हूंगाराम मरकाम, नूपुर वैदिक, कोरसा सन्नू, डमरू राम नाग सहित जिला मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षकों के लिए मेंटल चैलेंज गेम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर एव एनसीएसटीसी न्यू दिल्ली के द्वारा जिला बस्तर में गणित दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रोग्राम बस्तर जिले में विकासखंड स्तरीय है। सर्वप्रथम 3 दिसम्बर को शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार विकासखंड बस्तर में विकासखंड बस्तर और लोहंडीगुड़ा के बच्चों ने अपना मॉडल और पोस्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विकासखंड के शिक्षकों के लिए भी गणित पर कार्यशाला रखी गई। जिसका टॉपिक मैथ्स विथ फैन रखा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शासकीय काकतीय महाविद्यालय के गणित संकाय के प्रोफेसर एफआर साहू ने किया। इसके पश्चात विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ नाग एबं विकासखंड ब्लॉक रिसोर्स राजेंद्र ठाकुर ने अपना अभीमत गणित दिवस पर रखा। कार्यशाला में स्पेशल वक्त के रूप में चंद्रभान मिश्रा राजेश ने शिक्षकों को गणित विषय पर रोचक जानकारी दी। इस दौरान बच्चों और कार्यशाला के शिक्षकों के लिए मेंटल चैलेंज गेम का आयोजन विकासखंड के प्रभारी गौतम देवांगन ने किया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी जिला बस्तर बीआर बघेल ने बच्चों को प्रमाण पत्र पुरस्कार वितरित किए।

## पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशासन अंतिम दौर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

पंचायत चुनावों का महासंग्राम जल्द प्रारंभ होने को है। जिसको लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर तैयारियों जोरों पर है। ज्ञात हो कि माह फरवरी में बीते त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को संपन्न कराया गया था। अब माना यह जा रहा है कि नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों के लिए आचार संहिता दिसम्बर 2024 में लग सकती है। जिसके बाद पूर्व में निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों जोरों पर है। मतदाता सूची का प्रकाशन अंतिम क्षरण की ओर है, रिटर्निंग अफिसर तहसीलदार योपेंद्र




कुमार पात्रे व सहायक रिटर्निंग आफिसर नारथ कुमार मांझी जनपद सीईओ से मिली जानकारी के अनुसार 13 दिसम्बर तक मतदाता सूची का प्रकाशन कार्य पूरा कर लिया जायेगा। जिसको लेकर बीते 18 सितम्बर से मतदाता सूची की पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ थी।

### 60 हजार से अधिक मतदाताओं में ज्यादा महिला मतदाता

मतदाता पुनरीक्षण के तहत अब तक कोंटा ब्लॉक में 62120 मतदाताओं का चयन कर लिया गया है। जिनमें 32499 महिला मतदाता और 29621 पुरुष मतदाता शामिल है। जो कि अंतिम प्रकाशन तक संख्या बढ़ सकती है। अब तक के पुनरीक्षण में सबसे ज्यादा महिला मतदाताओं की संख्या कोंटा ब्लॉक में दर्ज की गई है।

### 6 नवीन पंचायतों का हुआ गठन

ब्लॉक कोंटा में वर्ष 2024 में छह नवीन पंचायतों का गठन किया गया है। ग्राम पंचायत उरसांगल, ग्राम पंचायत मैलासूर, ग्राम पंचायत बडेकेवाल, ग्राम पंचायत सेंदूरगुड़ा, ग्राम पंचायत लखापाल, ग्राम पंचायत उपमपल्ली का नवीन पंचायत के रूप में गठन किया गया है। इन नवीन पंचायतों के साथ कोंटा ब्लॉक में अब 61 पंचायतों से बढ़कर कुल 67 पंचायत हो गए है। वहीं पूर्व में 124 मतदान केंद्र थे, जिसे बढाकर अब 131 मतदान केंद्र के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

## विकसित राज्य की तस्वीर देखने ट्रायवल यूथ रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिला मुख्यालय सुकमा में सेवा दे रही सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के सौजन्य से विकसित राज्य की तस्वीर देखने ट्राईवल यूथ रवाना की गई। कमाण्डेन्ट रति कांत बेहेरा द्वितीय वाहिनी, केरिपु बल के दिशा निर्देश पर 16 वीं ट्राईवल यूथ एक्सचेन्ज प्रोग्राम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिला के आदिवासी युवाओं व युवतियों को सीआरपीएफ के सेकेंड वीं वाहिनी ने नेहरू युवा केन्द्र जगदलपुर के द्वारा दूसरे विकसित राज्य में भेजकर वहां के संस्कृति तथा विकास से रूबरू कराने हेतु सुनहरा मौका दिया गया है। जिसमें इनको देश के प्रगतिशील क्षेत्र के गतिविधियों व विकास को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। सेकेंड बटालियन सीआरपीएफ सुकमा द्वारा 4 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक युवाओं को जागरूक करने के मकसद से नेहरू युवा केन्द्र संगठन की सहायता से




सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित इलाके जैसे छिन्दगढ़, कुकानार, फुलवगरी, पोलमपल्ली, चिन्तागुफा, दोरनापाल, कुन्दनपाल, बोदागुड़ा, सामसेट्टी, कोर्रा, एर्राबोर, आसीरगुड़ा इन्जीराम एवं गादीरस आदि के युवाओं युवतियों को मुंबई महाराष्ट्रा भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है। ताकि वे इस शहर का विकास नजदीक से देख सकें और वापस आने पर अपने क्षेत्र के लोगों को इससे संबंधित सभी प्रकार की जानकारी को साझा कर सकें व अपने क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकें। युवाओं के मार्गदर्शन हेतु सीआरपीएफ के पुरूष एवं महिला कार्मिकों को भी इनके साथ मुंबई महाराष्ट्र भेजा गया है। इस कार्यक्रम के तहत 19 युवाओं और 21 युवतियों को मुंबई महाराष्ट्र भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है। इस मौके पर सेकेंड बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर भ्रमण के कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर वाहिनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितेश नानाजी परचके, भास्कर भट्टाचार्य, उप कमाण्डेन्ट तथा द्वितीय वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे। भ्रमण पर जाने से पूर्व द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण ने युवाओं को संबोधित करते हुए यह आशा जताई कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य यहां के युवाओं को बाहरी संस्कृति एवं विकसित कार्यो से रूबरू करवाया जा सके। जिससें यहॉ के युवा भ्रमण के दौरान अपने विचारों को दूसरों के साथ आदान-प्रदान कर सकें और वहॉ की संस्कृति व विकास की जानकारी हासिल कर सकें और जब वह वापस आयें तो एक नई सोच के साथ अपने गॉव में इसकी चर्चा करें। जिससे यहॉ के अधिक से अधिक लोग देश की मुख्य धारा से जुड़ सकें। अनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी ने युवाओं से यह भी अपील किया कि इस कार्यक्रम के तहत मुंबई महाराष्ट्र में होने वाले विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भाषण प्रतियोगिता में सभी युवा व युवति बढ़-चढ़ कर भाग लें और अपने क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन करें।

## डीईओ व बीआरसीसी ने स्कूलों का निरीक्षण कर परख एवं अपार आईडी के प्रोग्रेस का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बैगलेस डे पर स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिससे शनिवार को संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया गया साथ ही परख परीक्षा की तैयारी का भी निरीक्षण संबंधित स्कूलों में किया गया। इसके साथ ही अपार आईडी प्रत्येक स्टूडेंट का बनाया जाना है। इस पर प्रधानाध्यापक के द्वारा कितना प्रतिशत कार्य किया गया। इसकी जानकारी लेते हुए जिन बच्चों का अपार आईडी नहीं बना है। उसे तत्काल बनाने का निर्देश दिया गया तथा जिन बच्चों आपार आईडी बनाने में तकनीकी समस्या आ रही है उसकी सूची तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। स्कूलों में जो अन्य



भी कमियां दिखाई उसे तत्काल दूर करने हेतु प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया तथा जो बच्चे स्कूल में अनुपस्थित है उनके पालकों से संपर्क कर उनकी उपस्थिति शत प्रतिशत स्कूल में सुनिश्चित करने को कहा। स्कूलों में प्रत्येक कक्षा में विषय वार कक्षा वार विद्यार्थी सूचकांक की अनिवार्यता निश्चित की गई है, जिससे निरीक्षण कर्ता द्वारा बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया जा सके। शिक्षकों को अध्यापक दयनंदानी प्रतिदिन लिखने के भी निर्देश दिया गया है,जिससे कार्ययोजना अनुरूप कक्षा अध्यापन किया जा सके। एफएलएन का प्रशिक्षण सभी प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने प्राप्त किया है प्रशिक्षण में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की क्वालिटी पूर्वक शिक्षा किस प्रकार दी जा सके यह अवगत कराया गया है इसका शत प्रतिशत पालन शिक्षक स्कूलों में करें और एलिमेंट्री एजुकेशन बच्चों को रचनात्मक ढंग से देवें। बलवाड़ी में निर्धारित लक्ष्य के बच्चों को शत प्रतिशत प्रवेश हो गया है उन्हें दो घंटा अध्यापन कराने हेतु अधिकृत शिक्षकों से भी चर्चा कर रचनात्मक ढंग से अध्यापन हेतु प्रेरित किया गया है। सभी शिक्षक को शाला समय का कड़ाई से पालन करने एवं मध्यान भोजन मीनू अनुसार उपलब्ध कराने हेतु स्व सहायता समूह को अवगत कराया गया। किचन गार्डन बनाने तथा स्कूल के आंतरिक विद्युतीकरण को दुरुस्त करने का भी निर्देश शिक्षकों को दिया गया। आगामी माह अर्धवार्षिक परीक्षा संचालित होनी है स्लो लर्नर बच्चों को पहचान कर उपचारात्मक शिक्षा देने का भी निर्देश दिया गया।

### कार्यशाला में चुनाव अधिकारी ने की समीक्षा

दंतेवाड़ा। भाजपा जिला कार्यालय चितालंका में संगठन चुनाव हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें जिला संगठन चुनाव अधिकारी बैदूराम कश्यप ने आगामी संगठन चुनाव के संबंध में चर्चा कर विस्तृत जानकारी दी एवं तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुख़र्जी, अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व विधायक बैदुराम कश्यप ने कहा की तय समय पर संगठन द्वारा मंडल अध्यक्षों व जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बुथ समिति का गठन एवं अन्य कार्यक्रमों के तैयारी को पूर्ण करे। भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ने भी संगठन चुनाव हेतु रुपरेखा तैयार कर संगठन को और सशक्त कैसे बनाया जाये एवं आगामी नगरीय निकाय व त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया।

### शपथ पत्र

मैं योगेश कुमार भंडारी उम्र 39 वर्ष पिता यादो राम भंडारी, निवासी 173 कांकेर उत्तर बस्तर कांकेर छत्तीसगढ़ शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूँ-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम Yogesh Kumar S/o. Yoda Ram R/o. Singarbhat Kanker, Uttar Bastar Kanker CG अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG19 20110032338 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम Yogesh Kumar Bhandari S/o. Yado Ram Bhandari R/o. 173 Kanker, Uttar Bastar Kanker Chhattisgarh 494334 अंकित है जिसका आधार नंबर 3577 2755 0461 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम Yogesh Kumar So. Yoda Ram R/o. Singarbhat Kanker, Uttar Bastar Kanker CG के स्थान पर Yogesh Kumar Bhandari S/o. Yado Ram Bhandari R/o. 173 Kanker, Uttar Bastar Kanker Chhattisgarh 494334 दर्ज करवाना चाहता हूं । जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 51/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उदघोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जासेफ नागेश पिता स्व. सामनाथ नागेश जाति भतरा ग्राम बदलावण्ड तहसील करपावंड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने सास स्व. रामबती पिता स्व. साधु निवासी ग्राम बदलावण्ड तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छग का मृत्यु प्रमाण प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अंतः आवेदक के सास स्व. रामबती पिता स्व. साधु ग्राम बदलावण्ड का दिनांक 06/08/2018 को मृत्यु हुई है। आवेदक जासेफ नागेश पिता सामनाथ नागेश जाति भतरा ग्राम बदलावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के सास स्व. रामबती मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो व स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 06/12/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनाक 14/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 25/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उदघोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पप्पु बघेल पिता श्याम सुंदर बघेल जाति माहरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावंड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादी स्व. बोदी बघेल w/o स्व. बुदरू निवासी ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अंतः आवेदक के दादी स्व. बोदी बघेल w/o स्व. बुदरू बघेल ग्राम करपावण्ड का दिनांक 22/10/2023 को मृत्यु हुई है। आवेदक पप्पु बघेल पिता श्याम सुंदर बघेल जाति माहरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो व स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 19/11/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनाक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा

47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गुमनी को प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला पक्का मकान

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत उलनार निवासी गुमनी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो कमरे वाला पक्का मकान बनाया है जिसके लिए एक लाख 30 हजार चार किश्तों में योजना के अंतर्गत दी गई। इसके अतिरिक्त राशि की व्यवस्था आवास निर्माण में नियोजित होकर मजदुरी का कार्य किये, जिसमे माहत्मा गांधी नरेगा से उन्हें 90 दिवस का मजदुरी भुगतान प्राप्त हुआ उसे भी जोड़कर मकान बनाने के लिए किया। मुझे पंचायत के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी प्राप्त हुई। इस योजना में मेरा नाम 2 कमरे वाली सूची में था, मैने अपना आवेदन ग्राम पंचायत में जमा किया मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई थी समय सीमा में हमने निर्माण कार्य को पूरा किया।

### 32 लाख की सहायता राशि हुआ स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 8 परिवारों को 32 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। तहसील बकावंड ग्राम छिनारी निवासी धनात्री बघेल मृत्यु गड्डे के पानी में डूबने से पिता लम्बूधर को, तहसील लोहाण्डीगुड़ा ग्राम तारागाव निवासी गुड्डू की मृत्यु तलाब के पानी मे डुबने से पत्नि दसरी को, तहसील बकावण्ड ग्राम मोंगरापाल निवासी मनीराम बघेल की मृत्यु रायकेरा नाला के पानी में डूबने से पत्नि आरावती को, तहसील जगदलपुर ग्राम सुलियागुड़ा पारा कुरंदी निवासी प्रीति बघेल की मृत्यु साप काटने से पिता शंखनाथ बघेल को, तहसील नानगुर ग्राम हाटपदमूर निवासी तुलसा बघेल की मृत्यु तलाब के पानी मे डुबने से पति बुधराम बघेल को, तहसील बस्तर ग्राम खोटलापाल निवासी सुदूराम की मृत्यु साप काटने से पत्नि फुलोबाई को, तहसील बास्तानार ग्राम कापानार निवासी कोयड़े की मृत्यु साप काटने से पति आयतू को, तहसील भानपुरी ग्राम बोड़नपाल-2 निवासी सामूराम की मृत्यु साप काटने से पत्नि कनक कश्यप को सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### मेकॉज का सीटी स्कैन खराब, मरीज परेशान

**जगदलपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी सूर्या राव ने जारी बयान में कहा कि



मेडिकल कॉलेज में पिछले एक माह से सीटी स्कैन खराब होने के कारण महारानी अस्पताल लाया जा रहा जिसके कारण मरीजों एवं उनके परिजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महारानी अस्पताल में एक ही डॉक्टर से सोनोग्राफी एवं सीटी स्कैन का रिर्पोट तैयार कराया जा रहा है। जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के शासकीय चिकित्सालय में ओपीडी पर्ची का शुल्क नहीं लिया जाता है लेकिन मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में मरीजों से का शुल्क ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या का सुधार नहीं हुआ तो अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ 7 से

# धान खरीदी केंद्रों में बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



कलेक्टर हरिस प्रेरणा सभाकक्ष में मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में कहा कि धान खरीदी केंद्रों में बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें, साथ ही नए बारदाना, पीडीएस बारदाना और मिलर्स से प्राप्त बारदाना संकलन की स्थिति तथा उपलब्धता का आनलाईन एन्ट्री करवाने के निर्देश दिए। सभी जगहों से बारदाना के संकलन करवाकर आगामी सप्ताह तक खरीदी केन्द्रों में वितरण करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारी से मिलर्स का पंजीयन और कस्टम मिलिंग हेतु अनुबंध की स्थिति, उठाव हेतु डीओ कटवाने, केंद्रों में गुणवत्तायुक्त धान को खरीदी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश की संभावना को देखते हुए खरीदी केंद्रों में धान को ढंकने हेतु निर्देशित किया। धान खरीदी में क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट का डाटा का मिलान कर धान खरीदी करें। साथ ही अवैध धान परिवहन के लिए बस्तर, बकावण्ड और जगदलपुर तहसील क्षेत्र में रात्रि कालीन गश्ती को बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सीएसआर मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति लाते हुए कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करवाएं। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्य की समीक्ष, वाहन स्क्रैपिंग की स्थिति, नियद नेल्लानार योजना के तहत ब्लॉक वाइज सर्वे की स्थिति, वन अधिकार मान्यता पत्र धारक किसानों का भूमि का गिरदावरी की स्थिति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजनांतर्गत नवीन पंजीयन की विकासखण्डवार प्रगति की समीक्षा और पीडीएस दुकानों खाद्यान्न भण्डारण की समीक्षा किए।

उन्होंने रबी वर्ष 2024-25 किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति की समीक्षा किए। बैठक में तालाबों में मत्स्यपालन के लिए पट्टा देने पर चर्चा किया। जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदनों पर निराकरण करने और मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों का एंजेसीवार थर्ड पार्टी वेरीफिकेशन करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ प्रतिष्ठा ममगाई, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित सभी जिला स्तरीय उपस्थित थे।

#### निक्षय पोषण योजना पर चर्चा

बैठक में टीबी नियंत्रण हेतु निक्षय पोषण योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा किए, साथ ही टीबी बीमारी नियंत्रण हेतु शपथ भी लिया गया। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का 7 दिसंबर से शुभारंभ किया जाना है। यह अभियान 7 दिसंबर से 24 मार्च तक चलाया जाना है।

#### जाति प्रमाण पत्र जारी करने तेजी लाएं

बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को निर्धारित समय पर संचालित करें। पोषण ट्रेकर, महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राहियों, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांतर्गत लाभांवित, आंगनबाड़ी प्रवेश लेने वाले बच्चों के जाति प्रमाण जारी करने की प्रगति की भी संज्ञान लिया।

#### योजनाओं पर चर्चा

कलेक्टर ने नक्सल प्रभावित और आत्मसमर्पित नक्सलियों को केंद्र व राज्य की चयनित योजनाओं का सेचुरेशन की स्थिति पर चर्चा किए। इसके अलावा समय-सीमा के प्रकरणों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए।

## 360 स्कूली खिलाड़ियों ने कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़ में अजमायी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एकल अभियान स्कूल का जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा



एकल अभियान अंचल में जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। 360 से अधिक खिलाड़ियों ने तथा आचार्य, सेवावर्ती, समिति सभी मिलकर 650 लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि आईजी सुंदरराज पी, गणेश नाग विभाग प्रचारक, यज्ञ सिंह संभाग अध्यक्ष महेंद्रकांत संघानी, प्रभाग अध्यक्ष प्राची गर्ग, सर्व हिंदू समाज जिला सचिव ईश्वर राव, अंचल अध्यक्ष कैलाश राठी, सचिव सुभाष राय, संस्कार शिक्षा सचिव निर्मल देवांगन, हेमंत साहू, प्रभारी दीपक दास, सचिन द्विवेदी अन्य सदस्य की उपस्थिति में भव्य रूप से कार्यक्रम संपन्न हुआ। बस्तर जिले के सभी ब्लॉकों से बच्चे आए थे, इसमें कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, सौ मीटर ओर दो सो मीटर दौड़ में लड़के और लड़कियां शामिल हुए। यहां से विजयी हुए बच्चे राजनांदगांव में राज्यस्तरीय खेलेंगे ओर उसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर पे भुवनेश्वर में खेलेंगे। एकल अभियान का उद्देश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे के प्रतिभा को विकसित कर समाज के मुख्यधारा से जोड़ना, इसी उद्देश्य से एकल अभियान के बस्तर जिले में तीन सौ विद्यालय संचालित किया जाता है।

### जनादेश दिवस पर बधाई देने लगा तांता...



**जगदलपुर।** जनादेश दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक कार्यालय नयापारा में कार्यकर्ताओ व अन्य समाज संगठनों के प्रतिनिधियों की भीड़ जुटी रही। इस अवसर पर जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति नगरनार के अध्यक्ष रैनू बघेल व पदाधिकारियों ने विधायक देव को बधाई दी।

## कांग्रेसदल पहुंचा बीरनपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- काटे गए पेड़ों के विरोध में ग्रामीणों का किया समर्थन

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य एवं पूर्व विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने बीरनपाल में वन विभाग द्वारा सैकड़ों पेडों के काटे जाने के विरोध में ग्रामीणों का समर्थन दिया। साथ ही भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, महेश द्विवेदी, नीलूराम बघेल, धन सिंह बघेल, फूलसिंह बघेल, शंकर नाग, हिरा लाल ध्रुव, विनोद सेठिया, लोकेश सेठिया, दीपचंद सेठिया, मुन्ना सेठिया, दीपक कश्यप सहित अन्य शामिल रहे।

## पहचान, उपचार अभियान पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 पहचान एवं उपचार अभियान पर बुधवार को महारानी अस्पताल परिसर के शहीद गुंडाधुर प्रशिक्षण हाल में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, डीपीएम डॉ. रीना, नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ठाकुर, जिला सलाहकार मलेरिया बसंत पांडा, एनएमए राजेंद्र माली और सभी ब्लॉक के मेडिकल ऑफिसर बीपीएम खंड समन्वयक मितानीन सुपरवाइजर और अर्बन क्षेत्र के पीएचसी इंचार्ज, टीबी कार्यक्रम के एसटीएस मलेरिया से एमपीएस टेक्नीशियन, लेब टेक्नीशियन आदि सभी प्रशिक्षण में रहे। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से टीबी, कुष्ठ, मलेरिया के बारे में प्रत्येक ग्राम के मजरे टोले में सर्वेक्षण कर प्रति दिवस रिपोटिंर्ग करने की जानकारी बीपीएम डॉ. रीना द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को दी गई। सभी को ब्लाक स्तरीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर 7 दिसंबर से 23 मार्च 25 तक कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में डॉ. मनीष मसीह स्टेट टीबी कंसल्टेंट, डब्ल्यूएचओ भी शामिल रहे।

## रामानुजन के जन्म दिवस पर पोस्टर एग्जीबिशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में गणित दिवस के आयोजन के लिए चल रही प्रतियोगिताएं जिसमे की बुधवार मैथ्स पोस्टर एग्जिबिशन का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने पोस्टर का प्रदर्शन किया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विमल कुमार रात्रै द्वारा किया गया।

उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ कर सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए कार्यक्रम को सफल होने की शुभकामनाएं दी। गणित दिवस के आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक फागु राम साहू द्वारा पोस्टर एग्जीबिशन में आए प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत पोस्टर का अवलोकन कर महाविद्यालय के एवं अन्य महाविद्यालय से आए प्राध्यापकों का स्वागत करते हुए पोस्टर के बारे में सूक्ष्म रूप से जानकारीयां प्रदान की गई। पोस्टर एग्जीबिशन में लगभग 50 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। इन प्रतिभागियों के पोस्टर के निर्णय के लिए। निर्णायक के रूप में मॉडल कॉलेज से आए सहायक प्राध्यापक डॉ रवि द्विवेदी एवं तोकापाल महाविद्यालय से आए सहायक अध्यापक डी वास लाल सिदार तथा महाविद्यालय के डॉ अजय ठाकुर एवं दुर्गेश देवांगन के द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों को श्रीनिवास रामानुजन की इयंगर के जन्मदिवस 22 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय में आयोजित समारोह में प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जाएगा दिनांक 5 दिसम्बर को महाविद्यालय स्तर पर मेंटल मैथ्स टेस्ट का आयोजन भी गणित दिवस के अवसर पर किया जाना सुनिश्चित है। श्रीनिवास रामानुजन के बारे में बताते हुए गणित विभाग से मनीष तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा 3884 प्रमेय का संकलन किया गया। इनमें से अधिकांश प्रमेय सिद्ध किया जा चुके हैं।

## माइक्रो एटीएम की सुविधा से किसानों को हो रही सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




राज्य शासन के किसान हितैषी नीति के सकारात्मक क्रियान्वयन की दिशा में समूचे बस्तर संभाग अंतर्गत सेवारत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा संभाग के सभी 258 लैम्पस समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा मुहैया कराई गई है। जिससे समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसान एक बार में 10 हजार रुपए तक आहरण करने के साथ ही अन्य सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप के माध्यम से बस्तर संभाग के लैम्पस प्रबंधकों को माइक्रो एटीएम मशीनों का वितरण किया गया है।

बस्तर संभाग के किसानों की आवश्यकता के मद्देनजर कलेक्टर बस्तर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक हरिस एस की सार्थक प्रयास से बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के 258 लैम्पस समितियों में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर द्वारा माइक्रो एटीएम मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है। इन मशीनों के माध्यम से किसान अपने घर के समीप सहकारी समितियों से ही विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। जिसके तहत 10 हजार रुपये तक नकद निकासी, 20 हजार रुपये तक नकद जमा, जिला सहकारी बैंक के अन्य खाते में 40 हजार रुपये तक राशि ट्रांसफर, बैलेंस इंक्वायरी, मिनी स्टेटमेंट और एटीएम कार्ड पिन चेंज जैसी सुविधाएं शामिल है।

#### 258 लैम्पस में सुविधा

सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक केएस ध्रुव ने बताया कि इन माइक्रो एटीएम मशीनों के माध्यम से किसान अपनी आर्थिक जरूरतों के लिए दूरस्थ बैंक शाखाओं के चक्कर लगाने से मुक्त हो गए हैं। वर्तमान में शासन के समर्थन मूल्य में धान उपार्जन कार्य जारी है, माइक्रो एटीएम की सुविधा प्रारम्भ होने से कृषकों को अपने उपज की राशि का आहरण भी समितियों में ही प्राप्त हो रही है। यह सुविधा बस्तर संभाग के अंतर्गत सभी सात जिलों के 258 सहकारी समितियों में उपलब्ध है।

## डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित हुए सुदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विद्युत कंपनी जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता सुदीप कुमार खेस्स को यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूनिओ इटली द्वारा हीलिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं मानव सेवा के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए। खेस्स पूर्व में भी वर्ल्ड चैरिटी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें वर्ष 2022 में हॉलिस्टिक हीलर एक्सीलेंस अवार्ड मिल चुका है एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी नाम दर्ज है। उन्होंने बताया कि एनर्जी हीलिंग एक दवा रहित वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है, जिसे मुख्य चिकित्सा पद्धति एलोपैथी, आयुर्वेदिक और भी अन्य वैकल्पिक सहायक चिकित्सा पद्धतियों के साथ उपयोग मे लाने से बीमारियों से बहुत शीघ्र एवं प्रभावी रूप से निजात मिलता है।

## लाख पालन में जुटे जिले के 5 गांव के 200 ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- लाख पालन पर कार्यशाला में पहुंचे स्व-सहायता समूह
- सीसीएफ ने ग्रामीणों को दी लाख पालन की समझाइश



वन विभाग की ओर से करपावंड में लाख पालन पर कार्यशाला हुई, जिसमें जैबेल, बनियागांव, भानपुरी, केशरपाल, घोटिया, कुरंदी आदि गांव के स्व-सहायता समूह के लगभग 200 ग्रामीण पहुंचे जो लाख पालन कर रहे हैं। इसमें सीसीएफ आरसी दुग्गा पहुंचे और लाख पालन की समझाईश दी। उन्होंने बताया कि बस्तर के वनांचल में बड़े पैमाने पर कुसुम के पेड़ हैं, ये पेड़ लाख लाख के कीड़े पालने के लिए सर्वोत्तम माने जाते हैं। इसे अपनाकर यहां के किसान जल्द ही समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जंगलों में जनजातीय समुदायों के लिए लाख की खेती अब महज आजीविका चलाने का जरिया नहीं बल्कि उनकी जिंदगी में समृद्धि का सूचक है। जंगल से जुड़े क्षेत्र के किसानों में लाख की खेती तेजी से लोकप्रिय हो रही है। वजह है प्राकृतिक रूप से बहुतायत में पाए जाने वाले कुसुम के पेड़। इन्हीं पेड़ों पर लाख यहां के आदिवासी लाख का उत्पादन कर रहे हैं। लाख के कीड़े पलास, कुसुम और बेर के पेड़ों पर पाले जाते हैं। जिनकी शाखाओं से रस चूसकर भोजन प्राप्त करते हैं। अपनी सुरक्षा के लिए राल का स्त्राव कर कवच बना लेते हैं। यही लाख होता है, जिसे काटी गई टहनियों से खुरच कर निकाला जाता है। लाख का इस्तेमाल मुख्यतः श्रृंगार की वस्तुओं, सील, चपड़ा, विद्युत कुचालक, वार्निश, फलों एवं दवा पर कोटिंग, पॉलिश, सजावट की वस्तुएं तैयार करने में किया जाता है।

#### लुदू हुआ आर्थिक मजबूत

ग्राम जैबेल निवासी लुदूराम ने बताया कि वह लाख का उत्पादन कर रहा है, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। इससे उसने लाख बेचकर घर बनाया, बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ा रहा है और उसने कार खरीदा है। उसने बताया कि वह पढ़ाई नहीं कर सका पर अब बच्चों को पढ़ा लिखा कर अधिकारी बनाने की इच्छा है।

#### लाख उत्पादन का किया निरीक्षण

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा ने बताया कि लाख उत्पादन का निरीक्षण करपावंड में किया। कार्यशाला में उन्होंने बताया कि लाख उत्पादन से ग्रामीणों की जिंदगी में आर्थिक, सामाजिक बदलाव आया है, इससे कई किसान जुड़े हुए हैं।

